दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, बुधवार 16 अक्टूबर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 20

# किसानों को कॉफी मूल्य श्रृंखला में हितधारक बनाया जाए: पीयूष गोयल

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय वाणिज्य, उद्योग और रेल मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को 07 से 12 सितम्बर 2020 तक बेंगलुरू में आयोजित किए जाने वाले पांचवें विश्व कॉफी सम्मेलन (डब्ल्यूसीसी) और एक्सपो के लिए नई दिल्ली में आयोजित पूर्वावलोकन आयोजन को संबोधित किया। विश्व कॉफी सम्मेलन और एक्सपो का एशिया में पहली बार आयोजन किया जायेगा।

### » पांचवां विश्व कॉफी सम्मेलन और एक्सपो-2020




अपने संबोधन में गोयल ने भारतीय कॉफी बोर्ड और अंतर्राष्ट्रीय कॉफी संगठन (आईसीओ) से यह अनुरोध किया कि वे नागरिकों से क्राउड सोर्सिंग सुझाव द्वारा इस सम्मेलन और एक्सपो में नवाचार का समावेश करें। उन्होंने आईसीओ और भारतीय कॉफी बोर्ड से आग्रह किया कि वे भारतीय कॉफी को ब्रान्ड बनाने के तरीकों का पता लगाएं ताकि भारतीय कॉफी के ब्रान्ड को दुनियाभर में पहचान मिले और भारत को कॉफी के लिए स्थायी गंतव्य स्थल बनाया जा सके।

उन्होंने यह भी कहा कि मूल्य श्रृंखला में कॉफी किसानों को हितधारक बनाने के तरीकों का भी पता लगाया जाये क्योंकि इससे दुनिया में कॉफी उत्पादन पर निर्भर 25 मिलियन परिवारों के ऊपर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने यह सुझाव दिया कि दुनिया में कॉफी प्रेमियों द्वारा खरीदे जाने वाले कॉफी के प्रत्येक कप का दाम एक रुपया बढ़ाया जाए और यह राशि कॉफी उत्पादकों को दी जाए तो इससे कॉफी उत्पादकों और उनके परिवारों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और कर्नाटक सरकार 07 से 12 सितम्बर 2020 तक बेंगलुरू में आयोजित होने वाले पांचवें विश्व कॉफी सम्मेलन और एक्सपो की सफलता के लिए पूरा सहयोग करेंगी। यह भारत को मिला एक बड़ा अवसर है और भारतीय कॉफी बोर्ड इस एक्सपो और सम्मेलन में 70 से अधिक भाग लेने वाले देशों के प्रतिभागियों का भारत में स्वागत करेगा। इस सम्मेलन की तैयारी की एक वर्ष की अवधि के दौरान उन्होंने आईसीओ से ऐसे अध्ययन करने का आग्रह किया जो कैफीन के हानिकारक प्रभावों के संबंध में व्याप्त चिंताओं को कम कर सके। इस सम्मेलन और एक्सपो में आईसीओ के सभी 70 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों और कॉफी उत्पादकों, निर्यातकों, सरकार के प्रतिनिधियों, निक्षेत्रों और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों समेत एक हजार से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है। भारत डब्ल्यूसीसी 2020 की मेजबानी करेगा क्योंकि भारत विश्व में कॉफी का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक देश है। भारत कॉफी की बड़ी खपत वाले देश के रूप में उभर रहा है। भारत सरकार ने कॉफी बागान बढ़ाने पर भी जोर दिया है। वैश्विक समुदाय भी भारत और एशिया में कॉफी उत्पादकों से जुड़ने का इच्छुक है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोविंद ने पूर्व राष्ट्रपति कलाम को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसरस पर राष्ट्रपति भवन के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ डॉ कलाम के परिवार के सदस्यों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि 15 अक्टूबर, 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में जन्मे कलाम देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम और मिसाइल विकास प्रयासों में शामिल रहे थे, जिससे उन्हें भारत के मिसाइल मैन के रूप में जाना जाता है। वे देश के राष्ट्रपति भी रहे ।

### प्रधानमंत्री ने दी कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम को उनकी 88 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। मोदी ने कहा, कलाम ने 21 वीं सदी में सशक्त और आधुनिक भारत के बारे में सपना देखा और इसे हासिल करने के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया। उनका अनुकरणीय जीवन हर भारतीय के लिए एक प्रेरणाश्रोत है। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने 21वीं सदी के सक्षम और समर्थ भारत का सपना देखा और इस दिशा में अपना विशिष्ट योगदान दिया। उनका आदर्श जीवन देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। गौरतलब है कि 15 अक्टूबर, 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में जन्मे कलाम देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम और मिसाइल विकास प्रयासों में शामिल रहे थे, जिससे उन्हें भारत के मिसाइल मैन के रूप में जाना जाता है। वे देश के राष्ट्रपति भी रहे ।

### पीएमसी घोटाला: बैंक में फंसे थे 90 लाख, खाताधारक की हार्ट अटैक से मौत

**मुंबई (आरएनएस)।** पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले से जुड़ी कई खबरें पिछले दिनों से सुनने को मिल रही हैं। पीएमसी खातारधारक परेशान होकर गहने बेचकर घर चला रहे हैं। इसी के बीच एक खबर सामने निकल कर आई है कि पीएमसी एक खाताधारक की हार्टअटैक से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बैंक घोटाले के खिलाफ सोमवार को प्रदर्शन कर रहे मुंबई के संजय गुलाटी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। संजय ओशिवारा इलाके के तारापोरवाला गार्डन में रहते थे। बताया जा रहा है कि संजय के खाते में 90 लाख रुपये जमा थे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, संजय सोमवार को निवेशकों के साथ एक रैली में शामिल हुए थे, जहां उन्होंने निवेशकों को अपने पैसों की खातिर रोता-गिड़गिड़ाता देखा। लोगों का यह हाल देखने के बाद जब वह घर लौटे तो काफी बेचैन थे, जिसके कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। संजय गुलाटी के अलावा उनके 80 वर्षीय पिता सीएल गुलाटी, 75 वर्षीय मां वर्षा गुलाटी तथा 46 वर्षीय पत्नी बिंदु गुलाटी के बैंक अकाउंट भी पीएमसी बैंक में थे। परिवार ने बताया कि संजय गुलाटी को व्यापार के लिए रुपयों की जरूरत थी और इसी के चलते वे कई दिनों से परेशान चल रहे थे।

### जापान में तूफान से मरनेवालों की संख्या 70 पहुंची: एनएचके

**तोक्यो।** जापान में तूफान हेजिबीस के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर लगभग 70 हो गई है। राष्ट्रीय प्रसारणकर्ता एनएचके ने सोमवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि राहत कार्य और बचाव कार्य तीसरे दिन भी जारी है। एनएचके ने बताया कि इस घातक तूफान के बाद से 15 लोग अब भी गायब हैं। शनिवार रात आए इस भयावह तूफान ने तोक्यो और आसपास के इलाकों को बुरी तरह प्रभावित किया है। मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तूफान के कारण भीषण बारिश हुई जिससे कई नदियों में जलस्तर क्षमता से अधिक बढ़ गया। उन्होंने बताया कि कीचड़ वाला पानी सड़कों पर, खेतों में और रिहायशी इलाकों में भर गया।

## आयुष्मान भारत के तहत 50 लाख से अधिक हुए लाभार्थी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए प्रयासों की सराहना की क्योंकि भारत ने आयुष्मान भारत योजना के तहत 50 लाख से अधिक लोगों को लाभ प्रदान कर इस दिशा में एक बड़ा मुकाम हासिल किया है।




उन्होंने कहा, एक स्वस्थ भारत बनाने की यात्रा में यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है! इसपर प्रत्येक भारतीय को गर्व होगा कि एक वर्ष में ही, आयुष्मान भारत की बदौलत 50 लाख से अधिक नागरिकों को मुफ्त इलाज का लाभ मिला है। इलाज के अलावा, यह योजना कई भारतीयों को सशक्त भी बना रही है।

ठीक एक वर्ष पहले 2018 में लॉन्च किया गया, आयुष्मान भारत विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसका उद्देश्य देश के 10.74 करोड़ से अधिक गरीब नागरिकों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य (पीएम-जेएवाई) के तहत, 16,085 अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है और 10 करोड़ से अधिक लोगों को ई-कार्ड जारी किए गए हैं।

आयुष्मान भारत के तहत देश भर में लगभग 17,150 स्वास्थ्य एवं वेलनेस केन्द्र कार्य करने लगे हैं।

## पुंछ में पाक ने फिर तोड़ा सीजफायर, सेना ने दिया मुहंतोड़ जवाब

**जम्मू (आरएनएस)।** पाकिस्तानी सेना ने एक बार फिर मंगलवार को संघर्षविराम का उल्लंघन किया और जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर बगैर उकसावे के गोलाबारी की जिसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने यहां बताया कि पाकिस्तान की ओर से साढ़े नौ बजे पुंछ जिले के कस्बा और किर्नी सेक्टरों में संघर्षविराम का उल्लंघन करना शुरू कर दिया। पाकिस्तानी सैनिकों ने बगैर किसी उकसावे के कस्बा और किर्नी सेक्टरों में छोटे हथियारों से गोलाबारी शुरू कर दी और मोर्टार से गोले भी दागे। भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सीमा पार गोलाबारी का करारा और प्रभावी जवाब दिया। पाकिस्तान की ओर से संघर्षविराम उल्लंघन की यह चौथी घटना है।

## गौतम खेतान को सुप्रीम कोर्ट से झटका, हाईकोर्ट का आदेश निरस्त

### » अगस्ता वेस्टलैंड मामला

**नठदिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर मामले में कारोबारी गौतम खेतान के खिलाफ काला धन निरोधक कानून के तहत मुकदमा चलाने पर दिल्ली उच्च न्यायालय की रोक का आदेश आज खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा, न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ ने केंद्र सरकार की अर्जी पर दिल्ली उच्च न्यायालय का स्थगनादेश निरस्त कर दिया।

पीठ ने केंद्र सरकार की याचिका स्वीकार करते हुए उच्च न्यायालय को निर्देश दिया कि वह खेतान की याचिका पर नए सिरे से सुनवाई करे। पीठ ने केंद्र सरकार की अर्जी पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। हालांकि इस दौरान पीठ ने कहा था कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले को रद्द कर देंगे, जिसमें खेतान के खिलाफ काला धन मामले में कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।



केंद्र ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें काला धन कानून को पूर्ववर्ती प्रभाव से लागू करने से रोक दिया गया था और आरोपी गौतम खेतान को राहत दे दी थी। शीर्ष अदालत ने गत मई में उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसने आयकर विभाग को आरोपी गौतम खेतान के खिलाफ कोई कार्रवाई करने से रोक दिया था। उनके खिलाफ काला धन रखने का मामला दर्ज किया गया था।

उच्च न्यायालय ने अपने अंतरिम आदेश में एक जुलाई 2015 से प्रभाव वाले काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिनियम को लागू करने की केंद्र की अधिसूचना पर रोक लगा दी थी।

## भारत दुनिया की नवाचार राजधानी बनेगा:गोयल

### » इंडिया एनर्जी फोरम 2019

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग और रेल मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को नई दिल्ली में इंडिया एनर्जी फोरम 2019 के तीसरे संस्करण में भाग लिया। इसका आयोजन सीईआरए सप्ताह के अंतर्गत हुआ। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर. के. सिंह और कोयला व खान मंत्री प्रह्लाद जोशी के साथ पीयूष गोयल भी भारतीय मंत्रिस्तरीय पैनल का हिस्सा थे। परिचर्चाओं का संचालन पुलित्जर पुरस्कार विजेता लेखक, वक्ता एवं ऊर्जा विशेषज्ञ डैनियल येरगिन ने किया।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने परिचर्चाओं के दौरान कहा कि भारत सर्वाधिक पंजीकृत स्टार्टअप्स के साथ स्वाभाविक तौर पर दुनिया की स्टार्टअप राजधानी के रूप में उभर कर सामने आया है। उन्होंने एक स्टार्टअप कोष बनाने के लिए पेट्रोलियम मंत्रालय के अधीनस्थ सार्वजनिक क्षेत्र के तेल उपक्रमों द्वारा अपनी ओर से लिए गए निर्णय की सराहना की। यह कोष भारतीयों को




अभिनव उपाय करने तथा स्वयं की कंपनियां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। गोयल ने यह भी कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की नवाचार राजधानी बन जाएगा। उन्होंने युवा अन्वेषकों के साथ अपने संवाद के दौरान सूचित किया कि यहां तक कि देश के सुदूरतम इलाकों में रहने वाले युवा भी उन विभिन्न आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं को सुलझाने के लिए अभिनव विचारों के साथ सामने आते हैं जो आज भारत में विद्यमान हैं। गोयल ने कहा कि उन्हें उन युवा लड़कों और लड़कियों पर गर्व है जो देश में बड़ी तेसे स्टार्टअप क्रांति ला रहे हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि वह व्यापार युद्ध के मौजूदा दौर में वैश्विक हालात को लेकर चिंतित नहीं हैं क्योंकि इन मुद्दों को जल्द ही सुलझा लिया जाएगा।

## डाक बचत खातों की संख्या 25 करोड़ करने के प्रयास हों:रविशंकर

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** संचार मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि डाक विभाग को डाक बचत खातों की वर्तमान 17 करोड़ की संख्या बढ़ाकर आने वाले वर्षों में 25 करोड़ करने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेश के लक्ष्य को हासिल करने के लिए डाक बचत खातों को इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक के खातों से जोड़ने के प्रयास भी किये जाने चाहिए। रविशंकर प्रसाद मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय डाक सप्ताह के सिलसिले में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने विभाग से डाक बीमा खातों में भी वृद्धि करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश की 130 करोड़ की आबादी में 3.05 करोड़ बीमा खाते स्वीकार करने योग्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि डाक विभाग को आगे बढ़कर वैश्विक कंपनियों के साथ साझेदारी करनी चाहिए और यदि कोई प्रशासनिक मामला है तो इसका समाधान किया जाएगा।

उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि वे महाबलीपुरम (ममल्लापुरम) पर विशेष डाक टिकट निकालने के लिए कार्य करें। ममल्लापुरम के ऐतिहासिक महत्व के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच औपचारिक शिखर वार्ता सफल हुई। उन्होंने डाक विभाग को महात्मा गांधी भी 150वीं जयंती पर बापू को श्रद्धांजलि के रूप में विशेष पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्देश दिया।

## प्रिंस विलियम, केट 5 दिवसीय दौरे पर पाकिस्तान पहुंचे

**इस्लामाबाद।** ब्रिटेन के प्रिंस विलियम और उनकी पत्नी केट मिडलटन पांच दिवसीय दौरे पर पाकिस्तान पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, पाकिस्तानी विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने सोमवार को राजधानी इस्लामाबाद पहुंचने पर शाही दंपति का स्वागत किया। दो बच्चों ने शाही अतिथियों को फूलों के गुलदस्ते भेंट किए।



शाही दंपति की अगवानी के लिए पाकिस्तान में ब्रिटेन के उच्चायुक्त थॉमस ड्रू और वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारी भी सैन्य एयरबेस पर मौजूद थे।

अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान दौरे के दौरान दोनों पाकिस्तानी राष्ट्रपति आरिफ अल्वी और प्रधानमंत्री इमरान खान से मिलेंगे। कुरैशी ने पत्रकारों से कहा, शाही जोड़े का आगमन दुनिया में पाकिस्तान की सकारात्मक और शांतिपूर्ण छवि को उभारेगा।

उन्होंने यात्रा को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यात्रा पाकिस्तान और ब्रिटेन के बीच संबंधों को और मजबूत करेगी। ट्विटर पर साझा किए गए अपने वीडियो संदेश में थॉमस ने कहा कि यात्रा काफी हद तक पाकिस्तान को एक गतिशील और अग्रगामी राष्ट्र के रूप में प्रदर्शित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

## रक्षा वैज्ञानिक आधुनिक टेक्नोलॉ में भारत को ग्लोबल लीडर बनायें:राजनाथ

### » 'मेक इन इंडिया' के लिए डीआरडीओ के प्रयासों की सराहना

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा वैज्ञानिकों का आह्वान किया है कि वे भारत को न केवल रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भर बनाने बल्कि इस क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनाने के लिए देश में आधुनिक टेक्नोलॉविकसित करने का प्रयत्न करें।

रक्षा मंत्री पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के 88वें जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार को नई दिल्ली में रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) के 41वें निदेशक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इसका विषय था 'टेक्नोलॉलीडरशिप फॉर एम्पावरिंग इंडिया।'

इस बात पर जोर देते हुए कि अनुसंधान और परिचालन संबंधी उत्कृष्टता को बनाए रखना समय की मांग है, राजनाथ सिंह ने कहा कि दुनिया बदल रही है और अत्याधुनिक और विध्वंसकारक टेक्नोलॉतेसे उभर रही है। उन्होंने महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए आयात प्रणाली पर कम निर्भरता के साथ 'देसी नवाचार परितंत्र' विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, टेक्नोलॉका विकास किफायती और निश्चित समय पर होना चाहिए।

अनुसंधान और विकास में भारत के ग्लोबल लीडर बनने के लिए टेक्नोलॉकी खाई को पाटने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, रक्षामंत्री ने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे ऐसी प्रौद्योगिकी पर ध्यान दें जो आधुनिक क्षमता प्रदान कर सके




और अगले 15-20 वर्षों के लिए प्रासंगिक हो। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी की कुछ सीमाएं हैं और उत्पादों के विकास के लिए निर्माण पूर्व तैयारी अवधि है। यह संभव है कि जटिल प्रणालियों की निर्माण पूर्व तैयारी अवधि के दौरान, नई तकनीकी जरूरतें उभरकर सामने आ जाएं। ऐसी प्रणालियों के लिए उत्तरोत्तर विकास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

डीआरडीओ और सभी साझेदारों के बीच गहन बातचीत का सुझाव देते हुए राजनाथ सिंह ने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे रक्षा अनुसंधान और विकास में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए एक कार्य योजना बनाएं जो भारत को रक्षा क्षमता में नई ऊंचाइयों तक ले जाए। उन्होंने कहा कि अनुकूल प्रयासों से भारत टेक्नोलॉनिर्यातक बन सकता है, जिसके बहुआयामी फायदे होंगे।

रक्षामंत्री ने वैज्ञानिक जानकारी और नवाचार, आधुनिक प्रौद्योगिकी, औद्योगिक बुनियादी ढांचे और मानव श्रम को आधुनिक समय की 'करेंसी' बताया, उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी में मूलभूत अनुसंधान और विकास नई जानकारी की पहचान कराता है जो नागरिक और सैन्य क्षेत्रों में उपयोगी साबित हो सकती है। उन्होंने कहा नवाचार निवेश लाता है और साथ ही निवेशकों को बेहतर मूल्य प्रदान करता है। यह निश्चित सफलता हासिल में योगदान करता है।